प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi

Website : www.rbi.org.in

ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001

**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

27 जून 2025

**भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा ग्रामीण उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण जुलाई 2025 दौर की शुरुआत**

भारतीय रिज़र्व बैंक नियमित रूप से ग्रामीण उपभोक्ता विश्वास सर्वेक्षण (ग्रा.उ.वि.स.) आयोजित करता रहा है। सर्वेक्षण का जुलाई 2025 दौर शुरू किया जा रहा है। सर्वेक्षण का उद्देश्य 31 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों - आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु तेलंगाना, त्रिपुरा, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों की सामान्य आर्थिक स्थिति, रोजगार परिदृश्य, समग्र मूल्य स्थिति, स्वयं की आय और व्यय पर वर्तमान धारणाओं और एक वर्ष आगे की अपेक्षाओं को एकत्र करना है। इस सर्वेक्षण के परिणाम मौद्रिक नीति निर्माण के लिए उपयोगी सूचना प्रदान करते हैं।

मेसर्स डेव्लपमेंट एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली नामक एजेंसी को भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से सर्वेक्षण के इस दौर को संचालित करने का कार्य सौंपा गया हैं। इस प्रयोजन से उक्त एजेंसी परिवारों से संपर्क करेगी तथा उनसे अपनी प्रतिक्रिया देने का अनुरोध किया जाता है। अन्य ऐसे व्यक्ति, जिनसे एजेंसी ने संपर्क नहीं किया हो, भी इस सर्वेक्षण दौर में भाग ले सकते हैं और लिंक की हुई सर्वेक्षण सूची का प्रयोग करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं। सर्वेक्षण सूची को भरकर निम्नलिखित ई-मेल पते पर भेजा जा सकता है। यदि इस संबंध में कोई प्रश्न /स्पष्टीकरण हो तो कृपया निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:

निदेशक,<br>
घरेलू सर्वेक्षण प्रभाग,<br>
सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग,<br>
भारतीय रिज़र्व बैंक,<br>
सी-8, दूसरी मंजिल,<br>
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व),<br>
मुंबई – 400 051;<br>
फोन : 022-2657 8398, 022-2657 8332;<br>
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें।

**अजीत प्रसाद**<br>
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/609**